कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.
सत्यमेव जयते
क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार, पंचदीप भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Tel: 0612-25211928, Fax: 0612-2533314
E-mail: rd-bihar@esic.nic.in
Website: www.esic.gov.in / www.esic.in

प्रेस विज्ञप्ति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के बीमा आयुक्त श्री प्रणय सिन्हा का दो दिवसीय पटना दौरा.

पटना, दिनांक : 06/06/2024

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के बीमा आयुक्त श्री प्रणय सिन्हा ने दो दिवसीय दौरे पर क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ का निरीक्षण किया. उक्त अवधि के दौरान बीमा आयुक्त ने दिनांक 05/06/2024 को श्री बी. राजेंदर, प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग के साथ बैठक की. बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा योजना, बिहार की वर्तमान समस्याओं एवं निराकरण पर चर्चा की गयी. बीमा आयुक्त द्वारा बिहार के 3 जिलों भागलपुर, बेगुसराय एवं मुजफ्फरपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल निर्माण हेतु 5 एकड़ जमीन बिहार सरकार से नि:शुल्क उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया. इसके अलावा बिहार के 17 जिलों में डी. सी. बी. ओ. के निर्माण हेतु 0.5 एकड़ जमीन भी आवंटित किये जाने की मांग की गयी. प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग द्वारा उक्त मामले पर शीघ्र कार्रवाई कर भूमि आवंटित किये जाने का आश्वासन दिया गया. बीमा आयुक्त द्वारा दो दिवसीय दौरे के दौरान BSIDC के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार से मुलाकात कर कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल नामकुम (रांची) की भूमि का हस्तांतरण कर्मचारी राज्य बीमा निगम को किये जाने का अनुरोध किया गया.

इसी क्रम में दिनांक 06/06/2024 को बीमा आयुक्त श्री प्रणय सिन्हा, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) संजय कुमार, राज्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय कुमार केसरी एवं क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के अधिकारियों द्वारा श्रम संसाधन विभाग के माननीय मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह से मिलकर शौल एवं पौधा प्रदान

कर उनका स्वागत किया गया. बैठक के दौरान बीमा आयुक्त द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल नामकुम (रांची) की भूमि का हस्तांतरण कर्मचारी राज्य बीमा निगम को किये जाने हेतु मंत्री महोदय से भी अनुरोध किया गया. इसपर माननीय मंत्री के द्वारा भी बिहार के सभी जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का डी. सी. बी. ओ. के अतिशीघ्र निर्माण हेतु भूमि आवंटित किये जाने का आश्वासन दिया गया.

क्षेत्रीय निदेशक